आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## लवी मेला

भारत तिब्बत व्यापारिक संबंधों का प्रतीक अंतरराष्ट्रीय लवी मेला शिमला जिले के रामपुर में आज शुरू हुआ। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदियों से लवी मेले ने व्यापारिक मेले के रूप में अपनी पहचान कायम की है और मौजूदा समय में प्रदेश के सांस्कृतिक उत्सव के रूप में उभर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक समूह एक मंच पर देश की विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन कर अनेकता में एकता की भावना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि लवी मेले से स्थानीय अर्थव्यवस्था को संबल मिलता है और प्रदेश की संस्कृति का संवर्धन भी होता है। उन्होंने मेले और त्योहारों को संजोए रखने में सरकारी प्रयासों के साथ–साथ लोगों से सहयोग मांगा। शिव प्रताप शुक्ल ने मेले में सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न विकासात्मक प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। वे आज सिरमौर ज़िले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में भूरेश्वर महादेव मंदिर में मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में भगवान शिव की नई प्रतिमा का अनावरण और वाटिका भूरेश्वर व क्वागधार हैलीपैड का लोकार्पण भी किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूरेश्वर महादेव क्षेत्र को ईको टूरिज़्म की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार ने 6 हज़ार अध्यापकों के पद स्वीकृत किए हैं और 3 हज़ार अध्यापकों को बैचवाइज़ नियुक्ति प्रदान कर दी गई है, जबकि 3 हज़ार पदों की भर्ती प्रकिया जारी है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दे रही है। वे आज ज्वाली क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय करडियाल में 8 लाख रूपये की लागत से बने 2 कमरों का उद्घाटन करने के बाद स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में 8 सौ 50 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में विकसित किया जा रहा है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 के माध्यम से उपेक्षित वर्गों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्नौर ज़िला के निचार विकास खंड के रूनंग गांव के लिए संपर्क सड़क और विकास खंड कल्पा की किल्बा पंचायत में बनने वाले सामुदायिक केंद्र पंचायत घर के शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है, जिससे पिछले लगभग 2 वर्ष के कार्यकाल में हज़ारों शिक्षकों के पद भरे गए हैं। वे आज जुब्बल–कोटखाई–नावर विधानसभा क्षेत्र के ठाकुर रामलाल स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में खंड स्तरीय बाल मेले में बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने स्कूलों को गोद लेने की एक योजना शुरू की है, जिसके तहत मंत्री, विधायक, अधिकारी और समाज का कोई भी व्यक्ति किसी एक विद्यालय को गोद लेंगे।

यादविंदर गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के हारसी में 35 लाख रूपये से बनने वाले पंचायत भवन की आज आधारशिला रखी। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने विभाग को पंचायत भवन का कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। यादविंदर गोमा ने कहा कि हारसी में बस अड्डा, बस डिपो और वर्कशॉप बनाने के लिए पहली किश्त के रूप में 2 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने

लोगों को आश्वासन दिया कि इन योजनाओं को वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा कर लिया जाएगा।

त्रिलोक जमवाल

भाजपा के पूर्व महामंत्री व विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा है कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर सुर्खियां बटोरने के लिए उन पर झूठे और मनघढंत आरोप लगा रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि पूर्व विधायक ने जो उनके ऊपर तथाकथित लेन–देन में संलिप्त होने के आरोप लगाए हैं, उनकी वे जांच करवा सकते हैं। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार और सरकार में कोई औहदा न मिलने से बंबर ठाकुर बौखलाहट में तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं।

..............................................................................................................................................